हिन्दुस्तान ज़िंक कार्मिको एवं कामगारो के प्रति संवेदनशील

ठेकाकंपनियों के साथ मिलकर श्रमिकों को दी जा रही आवश्यक मदद

हिन्दुस्तान ज़िंक अपने उत्पादन से पहले कार्मिको एवं कामगारों की सुरक्षा एवं स्वाथ्य के प्रति पूरी तरह सदैव संवेदनशील है इसी कारण इसकी इकाइयों में कार्यरत सभी कामगार और कार्मिक पूरी तरह प्रबंधन के प्रति विश्वसनीय है। ज़िंक द्वारा समय समय पर राष्ट्रीय आपदा के दौरान देश एवं प्रदेश की सरकार को हर संभव सहयोग किया जा रहा है वहीं वैश्विक स्तर पर फैले कोविड–19 महामारी के दौरान जन साधारण को सहयोग करने के साथ ही प्रबंधन से जुडे श्रमिको और कामगारों की हर संभव मदद की जा रही है। हिन्दुस्तान ज़िंक की चंदेरिया लेड ज़िंक इकाइ की ही बात करें तो इसमें कार्यरत स्थायी, अस्थायी श्रमिकों के साथ ही अधिनस्थ कार्यरत ठेकाकंपनियों के श्रमिकों की भी पूरी निष्ठा के साथ देखभाल की जा रही है। इन ठेकाकंनियों में कार्यरत कर्मचारियों में से लगभग 150 श्रमिक जो कि राज्य से बाहर के है एवं यहां अलग अलग प्रोजेक्ट में कार्यरत है को उनके निवास के समीप मैस चलाकर भोजन उपलब्ध कराने के साथ ही अन्यत्र रह रहे लोगो को खाद्य सामग्री सहित अन्य आवश्यक वस्तुएं भी उपलब्ध करायी जा रही है। राज्य एवं जिले के विभिन्न क्षेत्रों से यहां रह रहे लोगो को भी उनसे नियमित संपर्क रखते हुए उनकी आवश्यकताओं की पूर्ति की जा रही है। सभी श्रमिकों को मास्क, सैनेटाइज़र एवं साबुन उपलब्ध कराने के साथ साथ सोशल डिस्टेंस मेंन्टेन करते हुए घरों मे ही रहने के लिए कहा गया है। ज्यादातर ठेका श्रमिक संयत्र के आसपास के गांवों पुठोली, चंदेरिया एवं सेंती क्षेत्र में निवासरत है।

परिवार के सदस्यों की तरह रखा जा रहा है हमारा ध्यान

हिन्दुस्तान ज़िंक की विभिन्न इकाइयों में कार्यरत ठेका श्रमिकों और कामगारों की कोविड–19 महामारी के दौरान प्रबंधन एवं संबंधित कंपनियों द्वारा की जा रही सार संभाल और देखभाल को लेकर कई कामगारो का कहना है कि परिवार के सदस्यों की तरह प्रतिदिन न केवल उनकी पूछताछ की जा रही है बल्कि समय पर वेतन, खाद्य सामग्री, भोजन व अन्य सुविधाएं भी मुहैया करायी जा रही है।

मैं बिहार से यहा आकर ज़िंक के फ्यूमर प्लांट के लिए काम करता हूं, कोराना महामारी के लिए लॉकडाउन होने के बाद से पुठोली हमारी कंपनी द्वारा दिये गये घर में अपने साथियों के साथ लॉकडाउन का पालन कर रहा हूं। हमारी कंपनी हमें हर प्रकार की आवश्यक वस्तु हम तक पहुंचा रही है ।

बबलुराम, निवासी झारखंड

हम तालाबंदी के बाद से ही चंदेरिया में घर में रह रहे है। हमारी कंपनी द्वारा हमें मैस लगाकर नियमित भोजन उपलब्ध कराने के साथ ही मास्क,सेनेटाइज़र, साबुन एवं अन्य जरूरत की चीजें भी भेजी जा रही है। वेतन भी मिल चुका है।

इमानुल्लाह , निवासी गौरखपुर,उप्र

मैं हिन्दुस्तान ज़िंक में कार्यरत ठेका कंपनी में फोरमैन के पद पर काम करता हूं, हम सभी साथी यहां मिल कर लॉकडाउन का पुरी तरह से पालन कर रहे है। हमारी कंपनी हमें सभी आवश्यक सुविधा दे रही है । जिस तरह मैं अपने घरवालों से रोज बात करता हूं उसी तरह हमारी कंपनी के लोग भी मुझसे रोज बात करके मेरे और साथियों की खैरखबर लेते रहते है।

संतोक सिंह, निवासी पंजाब

हिन्दुस्तान ज़िंक के चंदेरिया लेड ज़िंक स्मेल्टर में वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट की देखरेख का कार्य हमारी कंपनी द्वारा किया जाता है। लॉकडाउन के दौरान बिहार के 10 श्रमिकों सहित अन्य को पुठोली में आवास भोजन की सुविधा देने के साथ ही उन्हें समय पर सभी आवश्यकताओं का ध्यान रखा जा रहा है। श्रमिकों को लॉकडाउन की पालना के लिए घर पर रहने और बाहर नही जाने के लिए कहा गया है। वेतन भी समय पर दिया गया है।

श्रीनिवास राव, प्रबंधक , एक्वाटेक सिस्टम